रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-04112024-258436
CG-DL-E-04112024-258436

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 628] | नई दिल्ली, सोमवार, नवम्बर 4, 2024/कार्तिक 13, 1946 |
| No. 628] | NEW DELHI, MONDAY, NOVEMBER 4, 2024/KARTIKA 13, 1946 |


## वित्त मंत्रालय

## (आर्थिक कार्य विभाग)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 नवम्बर, 2024

**सा.का.नि. 686(अ).—** केन्द्रीय सरकार, सिक्का-निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उपधारा (2) के खंड (घ) और खंड (ङ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.-** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सिक्का-निर्माण (जैन आचार्य श्रीमद् बुद्धिसागर सूरीश्वरजी महाराज जी की 150वीं जयंती के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी करना) नियम, 2024 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **सिक्के का मूल्यवर्ग.-** जैन आचार्य श्रीमद् बुद्धिसागर सूरीश्वरजी महाराज जी की 150वीं जयंती के अवसर पर केंद्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने के लिए टकसाल में केवल एक सौ पचास रुपये मूल्य वर्ग का सिक्का ढाला जाएगा।

3. **सिक्के की विमा और संरचना.-** नियम 2 में उल्लिखित मूल्य वर्ग के सिक्के, निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात् :-

| सिक्के का मूल्य वर्ग | आकृति और बाह्य व्यास | दांतो की संख्या | धातु संरचना |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| एक सौ पचास रुपये | वृत्ताकार<br>44 मिलीमीटर | 200 | **चतुर्थक मिश्र धातु**<br>चांदी - 50 प्रतिशत<br>तांबा - 40 प्रतिशत<br>निकिल - 05 प्रतिशत<br>जस्ता - 05 प्रतिशत |

4. **डिज़ाइन.-** सिक्के का डिज़ाइन वह होगा, जो इन नियमों की पहली अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट है।

5. **मानक वजन और अनुज्ञात उपचार .-** जैन आचार्य श्रीमद् बुद्धिसागर सूरीश्वरजी महाराज जी की 150वीं जयंती के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए नियम 2 में निर्दिष्ट मूल्यवर्ग के ढाले गए सिक्के का मानक वजन और ऐसे सिक्के को बनाने में अनुज्ञात उपचार वह होगा जो इन नियमों की दूसरी अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट है।

**पहली अनुसूची**

**(नियम 4 देखिए)**

**एक सौ पचास रुपये**

**अग्र भाग:**

सिक्के के इस मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह स्तम्भ शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** लेख उत्कीर्णित होगा, उसकी बाईं परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दाईं परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** शब्द होगा। सिंह स्तम्भ शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"150"** भी होगा ।

**पृष्ट भाग:**

सिक्के के इस मुख भाग के मध्य में **जैन आचार्य श्रीमद् बुद्धिसागर सूरीश्वरजी महाराज जी का चित्र** होगा। सिक्के की उपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में "**जैन आचार्य श्रीमद् बुद्धिसागर सूरीश्वरजी महाराज जी की 150वीं जयंती"** लिखा होगा और सिक्के की निचली परिधि पर अंग्रेजी में **"150th BIRTH ANNIVERSARY OF JAIN ACHARYA SHRIMAD BUDDHISAGAR SURISHWARJI MAHARAJJI"** वर्णित होगा। सिक्के के दांई और बांई परिधि पर अंतर्राष्ट्रीय अंको में वर्ष "**1874**" और "**2024**" क्रमशः लिखे होंगे।

**दूसरी अनुसूची**

**(नियम 5 देखिए)**

| सिक्के का मूल्यवर्ग | मानक वजन | अनुज्ञात उपचार | |
|---|---|---|---|
| | | संरचना में | मानक वजन में |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| एक सौ पचास रुपये | 35 ग्राम | चांदी के लिए 1/500वां हिस्सा वृद्धि या कमी अर्थात् चांदी का अंश प्रति 1000 में 498 से 502 के बीच हो सकेगा । | 1/100वां हिस्सा वृद्धि या कमी अर्थात् वजन 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम तक हो सकता है। |

[फा. सं. 02/09/2024-सिक्का]

अपर्णा भाटिया, सलाहकार

**MINISTRY OF FINANCE**

**(Department of Economic Affairs)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 4th November, 2024

**G.S.R. 686(E).—** In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011(11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely: -

1. **Short title and commencement**.- **(**1) These rules may be called the Coinage (Issue of Commemorative Coin on the Occasion of $150^{th}$ Birth Anniversary of Jain Acharya Shrimad Buddhisagar Surishwarji Maharajji) Rules, 2024.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of coin**.- The coin of one hundred fifty rupees denomination shall only be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government on the occasion of $150^{th}$ Birth Anniversary of Jain Acharya Shrimad Buddhisagar Surishwarji Maharajji.

3. **Dimension and composition of coin**.- The denomination of the coin mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely:-

| Denomination of coin | Shape and outside diameter | Number of serrations | Metal composition |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| One Hundred Fifty Rupees | Circular<br>44 millimetre | 200 | **Quaternary Alloy**<br>Silver - 50 per cent.<br>Copper - 40 per cent.<br>Nickel - 05 per cent.<br>Zinc - 05 per cent. |

4. **Design**.- The design of the coin shall be as specified in the First Schedule annexed to these rules.

5. **Standard weight and remedy allowed**.- The standard weight of the coin of the denomination referred to in rule 2 shall be coined to commemorate the occasion of $150^{th}$ Birth Anniversary of Jain Acharya Shrimad Buddhisagar Surishwarji Maharajji and the remedy allowed in making of such coin shall be as specified in the Second Schedule to these rules.

**THE FIRST SCHEDULE**
**[*See rule 4*]**

**ONE HUNDRED FIFTY RUPEES**

**OBVERSE:**

This face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Devnagari script and on the right periphery with the word "**INDIA**" in English. It shall also bear the Rupee symbol **"₹"** and denominational value "**150**" in the international numerals below the Lion Capitol.

**REVERSE:**

This face of the coin shall bear the image of the Jain Acharya Shrimad Buddhisagar Surishwarji Maharajji in the centre of the coin. The inscription "**जैन आचार्य श्रीमद् बुद्धिसागर सूरीश्वरजी महाराज जी की 150 वीं जयंती"** shall be written in Devnagari script on the upper periphery and the inscription **"$150^{TH}$ BIRTH ANNIVERSARY OF JAIN ACHARYA SHRIMAD BUDDHISAGAR SURISHWARJI MAHARAJJI"** in English is depicted on the lower periphery of the coin. The years "**1874**" and "**2024**" in international numerals shall be flanked on left and right periphery of the coin.

**THE SECOND SCHEDULE**
**[*See rule 5*]**

| Denomination of coin | Standard weight | Remedy allowed | |
|---|---|---|---|
| | | In composition | In standard weight |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| One Hundred Fifty Rupees | 35 Grams | 1/500$^{th}$ plus or minus for Silver, that is to say, the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000. | 1/100$^{th}$ plus or minus, that is to say, weight could be 34.65 grams to 35.35 grams. |

[F. No. 02/09/2024-Coin]

APARNA BHATIA, Adviser

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. SARVESH KUMAR SRIVASTAVA